G 3331 (Pages : 4) Reg. No.................................

Name.....................................

FIVE YEAR B.A., LL.B./B.Com., LL.B. (HONOURS) DEGREE EXAMINATION, MAY 2023

Fifth Semester

FH 11—Additional Language—HINDI—Paper II

(Common to B.A., LL.B. (H) and B.Com., LL.B. (H))

[2019 Admissions—Regular/2018 Admissions—Supplementary]

Time : Three Hours Maximum : 75 Marks

I. कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 जातिवाचक संज्ञा कौनसी है ?

(बचपन, मनुष्य, यमुना)

2 छात्र कलम से लिखता है । कौनसा कारक है ?

(करण कारक, कर्म कारण, अपादान कारक)

3 बच्चा सो रहा है । कौनसा काल है ?

(सामान्य वर्तमान काल, संदिग्ध वर्तमानकाल, तात्कालिक वर्तमानकाल)

4 स्त्रीलिंग शब्द चुनकर लिखिए ।

(खेत, बात, खत)

5 'विशेष्य' शब्द लिखिए - श्याम का कुर्ता नया है ।

(श्याम, कुर्ता, नया)

(5 × 1 = 5 marks)

II. एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए :

6 अधिकरण कारक से क्या तात्पर्य है ?

7 विशेषण क्या है ?

8 उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अन्तर है ?

Turn over

9 सामान्य भूतकाल क्रिया सोदाहरण व्यक्त कीजिए

10 गिनती **हिन्दी** में लिखिए :

16, 40, 85, 99.

(5 × 2 = 10 marks)

III. किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

11 मैं मेरी बहन के साथ स्कूल जाती है ।

12 लड़का ने पाठ पढा ।

13 रघु ने रोटी खाया ।

14 लीला को नाच सकती है ।

15 उसने मित्र से बोला ।

16 गाँधीजी जेल जाना पडा ।

17 हमको हिन्दी सीखना चाहिए ।

(5 × 1 = 5 marks)

IV. किसी एक विषय में अनुच्छेद लिखिए :

18 पर्यावरण प्रदूषण

अथवा

19 अनुशासन की आवश्यकता ।

(1 × 5 = 5 marks)

V. निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

20 अपनी नयी दूकान के उद्घाटन केलिए मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र तैयार कीजिए ।

अथवा

21 हिन्दी अध्यापक पद केलिए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

(1 × 5 = 5 marks)

VI. नीचे दिये गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निबन्ध तैयार कीजिए :

22 वर्तमान शिक्षा प्रणाली

(भूमिका - शिक्षा का लक्ष्य - प्राचीन शिक्षा प्रणाली - वर्तमान शिक्षा प्रणाली - गुण - दोष - उपसंहार)

अथवा

23 साहित्य और समाज

(भूमिका - साहित्य और समाज का संबन्ध - समाज का साहित्य पर प्रभाव - साहित्य का समाज पर प्रभाव - साहित्य समाज - सुधार का साधन - उपसंहार)

(1 × 5 = 5 marks)

VII. नीचे दिये गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समाचार पत्रों के स्वातंत्र्य की कल्पना और जनता के प्रतिनिधित्व वाली सरकार की माँग ये दोनों पश्चिमी यूरोप की राजनैतिक विचारधारा की देन है। इंग्लैंड में इन दो बातों को लेकर लगभग पाँच सौ साल तक संघर्ष चला। संघर्ष का आरंभ उन कानून से हुआ जिससे विशिष्ट व्यक्तियों की मानहानी केलिए कड़ी सज़ा की व्यवस्था थी और पत्र प्रकाशन और पुस्तक प्रकाशन के लिए लाइसेंस जरूरी था। आरंभ में पत्रों को राजा की निरंकुशता और पादरियों की कट्टरता के विरुद्ध संघर्ष करना पडा। राजा के निरंकुश शासन के विरुद्ध संघर्ष में राजनीतिज्ञ और समाचारपत्र साथ थे। पर जनता के प्रति उत्तरदायी सरकार का सिद्धान्त स्वीकृत होने के बाद ब्रिटेन के हौस ऑफ कौमन्स ने अपनी कारवाई के समाचार पत्रों में प्रकाशन पर रोक लगा दी। अठारहवीं और उन्नीसवीं सदी में राजद्रोह और मानहानी संबन्धी कानूनों को नरम बनाने के लिए पत्रों ने संघर्ष किया।

24 पश्चिमी यूरोप की राजनैतिक विचार धारा की मुख्य देन क्या है ?

25 इंग्लैंड में किस बात को लेकर लम्बी समय तक संघर्ष चला ?

26 इस संघर्ष का मुख्य कारण क्या था ?

27 ब्रिटेन के हाउस ऑफ कौमन्स ने पत्रों पर किस बात पर रोक लगा दी ?

28 इस गद्यांश केलिए उचित शीर्षक लिखिए।

(5 × 1 = 5 marks)

VIII. पारिभाषिक शब्द लिखिए :

29 Reservation.

30 Secretary.

31 Acknowledgement.

32 Confidential.

33 Enclosure.

(5 × 1 = 5 marks)

IX. अनुवाद कीजिए :

34 Cinemas have a High Educative Value.

35 A Great Book is born in the brain and heart of its Author.

36 He asked five rupees from his mother.

37 बच्चे मैदान में खेलते हैं ।

38 हमको हिन्दी की कक्षा में हिन्दी में बोलना चाहिए ।

(5 × 1 = 5 marks)

X. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

39 "राम रावण युद्ध सत् और असत् की दो विरोधी प्रवृत्तियों का टकराहट है" । 'राम की शक्तिपूजा' के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

40 'कफ़न कहानी में चित्रित समस्याओं पर विचार कीजिए ।

41 विधु के चारित्रिक विशेषताओं पर विचार कीजिए ।

42 भीष्म के पश्चाप का कारण क्या था ?

43 'आप न बदलेंगे' एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

44 कहानीकार प्रेमचन्द का परिचय दीजिए ।

(5 × 5 = 25 marks)